उत्तरांचल शासन

वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

भाग–1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

वर्ष

2003–2004

प्रतिवेदक : निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरॉचल, देहरादून।

विषय सूची

भाग–1

(1) प्रशासनिक खण्ड

क्र0सं0	विवरण	कण्डिका	पृष्ठ संख्या
1–	विभागीय प्राधिकार के स्रोत	2.1, 2.2, 2.3	1–2
2–	सम्परीक्षाधीन लेखे	3.1, 3.2	2–3
3–	सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1	3
4–	प्रभागीय आय–व्ययक	5.1 से 5.3	5
5–	विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय	6.1 से 6.2	5–6
6–	विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1 से 7.4	6–7
7–	विभाग की जनशक्ति	8	7
8–	स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य	9	7
9–	सम्परीक्षा मे उद्घाटित अनियमिततायें	10.1.1	8
10–	विशेष सम्परीक्षायें	10.1.2	9
11–	सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1	9–10
12–	लेखाकार परीक्षा का आयोजन	12	11
13–	जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण	13	11
14–	निष्कर्ष	14	11
(2) कार्यकारी खण्ड		—	12–52
(3) परिशिष्ट क,ख,ग,घ,(ड.) व अन्य		—	53–68

भाग–2

(1)–प्रशासनिक खण्ड

क्रम संख्या	कण्डिका	पृष्ठसंख्या
1–विभागीय प्रधिकार के स्रोत	2.1	2–3
2–सम्प्रेक्षाधीन लेखे	3,1–3.2	3
3–सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1–4.2	3–5
4–प्रभागीय आय–व्ययक	5.1 से 5.3	5
5–विभागीय आय एंव व्यय का समन्वय	6.1 से 6.2	5
6–विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1–7.3	5–6
7–प्रभाग की जनशक्ति	8	6
8–सहकारी एंव पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2003–04 में सम्पादित स.म्परीक्षा कार्य	9	7
9–सम्परीक्षा में उद्घघाटित अनियमिततायें	10.1.1	7
10 –विशेष सम्परीक्षाऐं	10.1.2	7
11--सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1 से 2.2	8
12–निष्कर्ष	11	8
(2)–कार्यकारी खण्ड–	–	9–26
(3) परिशिष्ट,क,ख,ग,घ व अन्य	–	27–38

1– प्रशासनिक खण्ड

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा–8(3) के अधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा पूर्ववर्ती राज्य के विधानों के अनुसार नवसृजित राज्य में भी इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्पादित की जा रही हैं। नवसृजित राज्य के विधान मण्डल के पटल पर वर्ष 2002–2003 का वार्षिक लेखा–परीक्षा प्रतिवेदन स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा–8(3) के अन्तर्गत गत वर्ष रखा जा चुका है।

लेखा–परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखे जाने के उपरान्त शासन के प्रशासकीय विभागों यथा नगर विकास, कृषि एवं जलागम, पर्यटन एवं तीर्थाटन तथा शिक्षा और निदेशक, शहरी विकास निदेशालय, निदेशक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा को अनुपालन कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिवेदन की प्रति भेजी गयी। इसके परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालयों द्वारा आपत्तियों के निस्तारण में रूचि ली गयी और शिविर लगाकर विश्वविद्यालयों की लम्बित आडिट आपत्तियों का निराकरण किया गया, परन्तु अन्य संस्थाओं यथा स्थानीय निकायों, शिक्षण संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं द्वारा आपत्तियों के अनुपालन में कोई रूचि नहीं ली गई। परिणामस्वरूप उक्त संस्थाओं पर बड़ी संख्या में आपत्तियॉं लम्बित हैं। अतः भविष्य के लिए एक ऐसी तकनीक विकसित की जानी अपेक्षित है कि सम्परीक्षाधीन संस्थायें आडिट आपत्तियों के अनुपालन की दिशा में प्रयासरत रहें ताकि इन स्वायतशासी संस्थाओं में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित हो सके। इस सम्बन्ध में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा 9 की उपधारा 5 के अन्तर्गत दोषी संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही लिया जाना भी समीचीन होगा।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2003–2004 का वार्षिक लेखा–परीक्षा प्रतिवेदन विधान मण्डल में रखने हेतु प्रस्तुत है।

2– विभागीय प्राधिकार के स्रोतः–

2.1 प्रदेशान्तर्गत अवस्थित स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं के संगत नियमों एवं तद्धीन निर्मित नियमावलियों एवं परिनियमावलियों आदि में यथा स्थान शासन द्वारा इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उक्त संस्थाओं की निधियॉं "स्थानीय निधि" (लोकल फण्ड) के नाम से जानी जायेगी और उनके लेखाओं की लेखा परीक्षा निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें–सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरॉचल के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जायेगी। संहत रूप से सभी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की लेखा परीक्षा अनिवार्य रूप से इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा किये जाने की दृष्टि से वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–5, भाग–1 के पैरा 369 "के" में यह प्राविधान किया गया है कि निदेशक द्वारा राज्य सरकार से अनुदान पाने वाले सभी

स्थानीय निकायों/संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा करके अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित एक प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर निर्गत किया जायेगा।

इस नियम में यह भी व्यवस्था है कि भारत सरकार की ओर से इन स्थानीय निकायों/संस्थाओं के कार्य कलाप पर दृष्टि रखने के लिए निदेशक द्वारा वर्षान्त में संहत रूप से वर्षान्तर्गत स्वीकृत अनुदान के उपभोग की स्थिति से महालेखाकार को सूचित किया जायेगा, जिससे शासन द्वारा प्रदेश के लोक सेवा निधि से स्वीकृत किये गये अनुदानों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट हो सके कि सम्बन्धित निकायों/संस्थाओं द्वारा इन अनुदानों का उपभोग उन्ही प्रयोजनों के निमित्त किया गया है अथवा नहीं, जिनके लिए वे स्वीकृत किये गये थे तथा उन संगत नियमों का पालन किया गया है अथवा नही, जिनके अन्तर्गत उन्हें उक्त धनराशियों का उपभोग करना था।

2.2 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 (उत्तर प्रदेश के अधिनियम संख्या–12 सन् 1984) जो कि दिनांक 30 अप्रैल, 1984 से प्रवृत्त हुआ, की धारा–4(2) के अन्तर्गत विधान मण्डल ने इस विभाग को यह शक्ति भी प्रदान की है कि ऐसे स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की परीक्षा पूर्णतया ऐसे किसी अधिनियम में जिसके द्वारा या अधीन स्थानीय प्राधिकारी का गठन किया गया है, उसके अधीन बनाये गये किसी नियम में किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के दौरान या अधीन उपबन्धित रीति से की जायेगी।

2.3 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 में प्रादेशिक विधान मण्डल द्वारा उपर्युक्त स्पष्ट आदेश पारित करने के उपरान्त अब स्थिति यह है कि प्रदेशान्तर्गत स्थित सभी स्थानीय निकायों एवं अनुदानित संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा अनिवार्यतः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जानी है।

3– सम्परीक्षाधीन लेखे ––

3.1 वर्ष 2003–04 में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं की संख्या 2083 थी। उप सम्परीक्षाधीन 2067 संस्थाओं के विवरण संलग्न ***परिशिष्ट 'क' भाग–1*** में दिये गये हैं। शेष सम्वर्ती सम्परीक्षा एवं शत प्रतिशत लेखा परीक्षा किये जाने वाली 16 संस्थाओं की सूची ***परिशिष्ट 'क' भाग–2*** के रूप में संलग्न है।

3.2 – सम्परीक्षाधीन प्रमुख स्थानीय निकायों तथा संस्थाओं के संगत अधिनियमों आदि जिसके आधार पर सम्परीक्षा की गयी है, की सूची *परिशिष्ट 'ख''* में दी गयी है।

4– सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य ––

4.1 – शासन द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग को प्रदेश की स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं को स्वीकृत किये गये वित्तीय अनुदानों एवं ऋणों आदि का उपभोग सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सकल आय एवं व्यय की सम्परीक्षा का दायित्व दिया गया है जिससे सम्परीक्षा के माध्यम से शासन एवं विधान मण्डल को यह ज्ञात होता रहे कि इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नही। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वित्तीय अनुशासन से जुडे सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरूतर दायित्व भी हो जाता है।

4.2 –स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग के कार्यकलाप निम्नवत् हैं :–

➡ 1– सम्परीक्षाधीन स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमित एवं अनिगमित निकायों, विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य शासकीय/अशासकीय संगठनों आदि के विविध लेखों की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं तथा शासन को सूचित करना।

➡ 2–उपर्युक्त संस्थाओं का वित्तीय मार्ग दर्शन करना।

➡ 3– उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।

➡ 4– सम्परीक्षा के उपरान्त यथा आवश्यक अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित उपभोग प्रमाण पत्र निर्गत करना।

➡ 5– नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जल संस्थानों, जिला पंचायतों, बद्रीनाथ–केदारनाथ मन्दिर समिति के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को देय पेन्शन एवं उपादान की पुष्टि एवं संस्तुति करना।

➡ 6– महा लेखाकार को उपर्युक्त संस्थाओं को स्वीकृत अनुदानों के उपभोग के सम्बन्ध में संहत आख्या प्रस्तुत करना।

➡ 7– नगर पालिका परिषदों, जिला पंचायतों, नगर निगम, विकास प्राधिकरणों एवं जल संस्थानों के लेखाकार पद हेतु अर्हकारी लेखाकार परीक्षा का आयोजन करना।

➡ 8– विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।

➡ 9– सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिए उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।

➡ 10– स्थानीय निकाय के लेखा कर्मियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना।

➡ 11– विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठियॉ आयोजित करना।

➡ 12– धर्मादा सन्दान न्यासों के निधियों को विनियोजित करने तथा उन पर प्राप्त ब्याज को प्रादेशिक एवं भारत सरकार के न्यासों को संवितरण करना।

➡ 13– विभागीय कार्यकलापों सहित संहत वार्षिक प्रतिवेदन विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना।

➡ 14– सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।

➡ 15– सम्परीक्षाधीन स्थानीय प्राधिकारियों के अधिनियम एवं परिनियमो के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।

➡ 16– उपर्युक्त स्थानीय निकायों/संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।

➡ 17– शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यो पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।

5 – प्रभागीय आय–व्ययक :–

5.1 यद्यपि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा स्थानीय निकायों/स्वायतशासी संस्थाओं व अन्य निगमित एवं अनिगमित संस्थाओं आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के अधीन है और इस प्रभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सरकारी सेवक हैं। इस बात का उल्लेख यहॉ विशेषतया इस प्रयोजन से किया जा रहा है कि सम्परीक्षाधीन संस्थाओं द्वारा कभी–कभी इस प्रकार की शंकाऐ व्यक्त की जाती है कि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग भी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की तरह अशासकीय तो नही है।

5.2 – इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियाँ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक आय–व्ययक के माध्यम से राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है।

5.3 – लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाता है जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है। वर्तमान में निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें **(परिशिष्ट 'ग')** उत्तरांचल राज्य में भी लागू है।

6 – विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :– वित्तीय वर्ष 2003–2004 में विभागीय व्यय एवं इस वर्ष में आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है:–

क0सं0	*वित्तीय वर्ष*	*व्यय (रूपये)*	*आरोपित सम्प0शुल्क(रू0)*
1–	2003–2004	8004440=00	29502954=35

6.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति (सर्विस नेचर) के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नही की जा सकती है।

7.1– विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था :– उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के शा0 सं0 5058/वि0शा0स0/2001 दिनांक 19 जून,2001 द्वारा सम्परीक्षा का कार्य निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के नियन्त्रणाधीन एक प्रभाग के रूप में कार्यरत है जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यतः द्वि–स्तरीय है:–

(1) मुख्यालय स्तरीय।
(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची *परिशिष्ट "घ"* में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त संवर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है। सम्वर्ती कार्यालयों की सूची *परिशिष्ट "घ-1"* में दी गई है।

7.2–1– मुख्यालय स्तर :– स्थानीय निधि लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है जो निदेशालय, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिट नाम से जाना जाता है। इसके विभागाध्यक्ष निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल हैं जिन्हे अपने कार्यो के साथ–साथ पदेन रूप से कोषाध्यक्ष धर्मादा संदान उत्तरांचल तथा भारतीय धर्मादा संदान के उत्तरांचल वृत के कार्यो का भी सम्पादन करना पड़ता है।

7. 2–2– मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रूप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर–8 में दिया गया है। वर्तमान में जनपदों की प्रमुख बड़ी संस्थाओं जैसे:– नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, विकास प्राधिकरणों, मन्दिर समितियों, इन्जीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, इन निकायों के सेवा निवृत कर्मचारियों के पेंशन एवं आनुतोषिक के सत्यापन एवं पुष्टीकरण का कार्य मुख्यालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

7.3 – जनपद स्तरीय :– लेखा परीक्षाधीन ईकाइयाँ राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित हैं। विभाग के लेखा परीक्षक सभी जनपदों में नियुक्त कर दिये जाते हैं जो सम्बन्धित जनपद में स्थित लेखा परीक्षाधीन ईकाइयों की लेखा परीक्षा करते रहते हैं। उनके कार्यो पर स्थानीय नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु जनपद स्तर पर जिला सम्परीक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थापित है। प्रदेश के 13 जिलों में अब तक 09 जिलों में जिला सम्परीक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित हैं। शेष जनपदों में अभी तक जनपदीय कार्यालय नही खोले जा सके हैं। अतः निकटवर्ती जिला सम्परीक्षा अधिकारी द्वारा ही उन जनपदों के कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।

7.4 राज्य स्तरीय :– शासनादेश सं0 वि0 अनु0–1/2003 दिनांक 03 सितम्बर, 2003 द्वारा उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद हल्द्वानी एवं वन विकास निगम नरेन्द्र नगर में सम्परीक्षा अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किय गये हैं।

8– विभाग की जनशक्ति :– वर्ष 2003–04 के अन्त में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है।

क्र0स0	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत सं0	कार्यरत कर्मियों का प्रतिशत
1–	समूह''क''	02	01	50 प्रतिशत
2–	समूह''ख''	16	06	38 प्रतिशत
3–	समूह ''ग''			
	(1) वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड–।	05}	02}	
	(2) वरिष्ठ लेखा परीक्षक	85} 120	20} 27	}22.5 प्रतिशत
	(3) लेखा परीक्षक	30}	05}	
	(4) आशुलिपिक	03	शून्य	शून्य
	(5) वरिष्ठ लिपिक/लिपिक	40	18	45 प्रतिशत
	(6) वाहन चालक	03	01	33 प्रतिशत
4–	समूह ''घ''	59	09	15 प्रतिशत

9– स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्यः–

वर्ष 2003–2004 में अधिकांश पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन 2083 लेखाओं में से 572 लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण की गई। शेष 1511 लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित नही करायी जा सकी।

10.1.1 – ***सम्परीक्षा में उद्घाटित अनियमिततायें :–***

(क) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2003–2004 तक में सम्परीक्षित लेखाओं में उद्घाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रू0 101041244=11 की धनराशि अन्तर्निहित थी जिसका संस्थावार/शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है :–

क्रमांक	*शीर्षक*	*धनराशि*
1–	व्यपहरण	50,702=00
2–	अधिक/ अनियमित/ परिहार्य	1,29,79,978=42
3–	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितताऐं	33,49,971=00
4–	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितताऐं	50,46,360=00
5–	आर्थिक क्षति	3,80,78,192=69
6–	राजस्व क्षति	13,27,917=00
7–	दुर्विनियोग	7,12,506=00
8–	अनानुमोदित व्यय (शासन की स्वीकृति के बिना /बजट से अधिक व्यय	3,94,95,617=00
	योग	***10,10,41,244=11***

(ख) उपरोक्त के अलावा 31 मार्च, 2004 को विभिन्न संस्थाओं/विश्वविद्यालयों द्वारा अग्रिमों का समायोजन न किये जाने के कारण रू0 14493867=00 के अग्रिम असमायोजित थे जबकि नियमानुसार इनका समायोजन 31 मार्च, 2004 तक किया जाना चाहिए था।

संस्थावार

क्र0 सं0	लेखे का नाम	अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशि	असमायोजित अग्रिमों की धनराशि	योग
1	नगर पालिका परिषदें	12598292=70	332800=00	12931092=70
2	नगर पंचायतें	1231811=00	—	1231811=00
3	के0एल0 पालीटैक्निक	22444=00	—	22444=00
4	उत्तराचंल राज्य कृषि उत्पा0 म0 परिषद	2840283=72	—	2840283=72
5	कृषि उत्पा0म0समि0	4669955=69	—	4669955=69
6	बे0शिक्षा समितियाँ	65330=00	—	65380=00
7	कुमाऊँ वि0वि0 नैनीताल	10804435=00	—	10804435=00
8	इण्टर कालेज	2581=00	—	2581=00
9	हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर	68320405=00	14161067=00	82481472=00
10	कुमाऊँ इन्जीनियरिंग कालेज द्वाराहाट	77244=00	—	77244=00
11	के0एल0डी0ए0वी0 महा विद्यालय रूड़की	7100=00	—	7100=00
12	राष्ट्रीय सेवा योजना (मा0शिक्षा नैनीताल)	401312=00	—	401312=00
	योग	***101041244=11***	***14493867=00***	***115535111=11***

10.1.2 —— विशेष सम्परीक्षाऐं :— प्रभाग के सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति से सम्बन्धित की विशेष जांच संस्था अथवा जिलाधिकारी या आयुक्त के अनुरोध पर शासन की स्वीकृति से सम्पादित की जाती है। वर्ष 2003–2004 में किसी भी लेखे की विशेष सम्परीक्षा सम्पादित नही करायी गयी।

10.2.1 ——सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति :— वर्ष 2003–2004 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :—

		(रूपयों में)
01 अप्रैल, 2003 को प्रारम्भिक शेष		39182699=91
वर्ष में स्थापित मांग		29502954=35
	योग	***68685654=26***
वर्ष में समाहरण		19406785=00
31 मार्च, 2004 को बकाया		***49278869=26***

10.2.2–– उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा आरोपित लेखा परीक्षा शुल्क की वसूली करने का पूरा प्रयास किया गया। इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक करोड़ चौरानवे लाख छः हजार सात सौ पिचासी रूपये की वसूली हुई है जिसमें गत वर्ष का बकाया भी सम्मिलित है किन्तु यह वसूली कुल बकाया धनराशि की तुलना में संतोषजनक नही रही इसका प्रमुख कारण वर्तमान में सम्परीक्षा शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में विभाग को विशेष अधिकार प्राप्त न होना है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम –1964 की धारा –4(4) के अधीन केवल शासन को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सम्बन्धित स्थानीय निधि/संस्थाओं के बैंकर्स को सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से यह आदेश दे सकते हैं कि उनके बैंक खातों से सम्परीक्षा शुल्क की धनराशि राजकीय कोषागार के निर्दिष्ट लेखा शीर्षक में अन्तरित कर दे। इस सम्बन्ध में उत्तरांचल स्थानीय निधि/निकाय लेखा परीक्षा नियमावली, 2001 का प्रख्यापन अपेक्षित है ताकि शुल्क वसूली हेतु नियमावली के प्राविधानों के अधीन रहते हुए विभाग स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

11.1– श्री टी0 एन0 सिंह, निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल को उत्तरांचल शासन द्वारा अधिसूचना संख्या 132/वि0अनु0–4/2002 दिनांक 10 जनवरी, 2002 द्वारा चैरिटेबुल एण्डाउमेन्ट एक्ट 1890 (एक्ट आफ 1980) की धारा–3 के अधीन उत्तरांचल की भौगोलिक सीमा में स्थित न्यासों की सम्पत्तियों के लिए कोषपाल नियुक्त किया गया है। इनकी सूची संलग्न *परिशिष्ट (ङ.)* में दी गयी है।

उत्तरांचल के न्यासों की प्रतिभूतियों में जमा धनराशि एवं अर्जित ब्याज का विस्तृत विवरण पूर्ववर्ती राज्य से पत्राचार के उपरान्त भी अभी तक प्राप्त नही हुआ है।

12– लेखाकार परीक्षा का आयोजन :– जिला पंचायतों, नगर पालिका परिषदों एवं जल संस्थानों की लेखाकार परीक्षा के आयोजन कराने की कार्यवाही की जा रही है।

13 – जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेन्शन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण :– वर्ष 2003–04 में पेन्शन प्रकरणों की प्राप्ति एवं उनके निस्तारण की स्थिति निम्नवत् थी :–

वर्ष के प्रारम्भ में शेष	*वर्ष में प्राप्त*	*वर्ष में निस्तारित*	*अवशेष*
06	325	303	28

14 – निष्कर्ष :– उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न ***परिशिष्ट "क"*** से स्पष्ट है कि इस प्रभाग को वर्ष 2003–04 में 2083 लेखाओं की लेखा परीक्षा सम्पादित करनी थी। स्टाफ की कमी के कारण सम्परीक्षा शुल्क देने वाली स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सम्परीक्षा को वरीयता देते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निश्चित करते हुए अधिकांश संस्थाओं (572 लेखाओं) की लेखा परीक्षा समाप्त करायी गयी।

आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं के लेखाओं से सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित **रू0 101041244=11** की वित्तीय अनियमितताऐं प्रकाश में आयी जिनमें व्यपहरण, दुर्विनियोग अधिक एंव अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति, राजस्व की हानि आदि प्रकरण समाविष्ट हैं।

(टी0एन0 सिंह)
निदेशक

2— कार्यकारी खण्ड

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तरांचल

(वर्ष 2003–2004)

वर्ष 2003–04 में जिन संस्थाओं की सम्परीक्षा सम्पादित की गयी, उनमें उद्घाटित वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण अनुवर्ती पृष्ठों तथा सम्बन्धित संस्थाओं के खण्ड में दिये जा रहे हैं।

इन वित्तीय अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशियों के संस्थावार विवरण निम्न प्रकार हैं :–

क0सं0	लेखे की श्रेणी	अनियमितता में अन्तर्निहित धनराशि
1–	नगर पालिका परिषदें	12598292=70
2–	नगर पंचायतें	1231811=00
3–	कृ0उ0म0 समितियाँ	4669955=69
4–	बेसिक शिक्षा समिति	65380=00
5–	उत्तरांचल कृ0उ0म0 परिषद	2840283=72
6–	इण्टर कालेज/अन्य शिक्षण संस्थायें	2581=00
7–	कुमाऊँ इन्जीनियरिंग कालेज द्वाराहाट	77244=00
8–	राष्ट्रीय सेवा योजना (माध्यमिक शि0 कुमाऊँ मण्डल नैनीताल)	401312=00
9–	के0एल0 पालीटेक्निक रूड़की	22444=00
10–	हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्व विद्यालय श्रीनगर(गढ0)	68320405=00
11–	कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल	10804435=00
12–	के0एल0डी0ए0वी0 महाविद्यालय रूड़की	7100=00
	योग	101041244=11

टिप्पणी :– उपरोक्त राशियों में असमायोजित अग्रिमों की धनराशि सम्मलित नही है।

वर्ष 2003–2004 में सम्पन्न सम्परीक्षाऐं

नगर पालिका परिषदें

नगर पालिका परिषद मसूरी वर्ष 2002–2003 :–

(क) राजस्व क्षति :– निर्माण कार्यो से सम्बन्धित अनुबन्धों में निर्धारित दरों से कम मूल्य के स्टाम्प पत्रों का प्रयोग किये जाने से रू0 11,400=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6

(ख) अनियमित भुगतान :– नगर पालिका कर्मचारियों को बिना किसी प्राविधान के रू0 30=00 प्रतिमाह चिकित्सा भत्ते का भुगतान किया जा रहा था जिससे रू0 17550/- का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो (ब) प्रस्तर–1 (1)

(ग) असमायोजित अग्रिम :– वर्ष के अन्त तक भी पूर्व में स्वीकृत अग्रिम रू0 3,32,800/- की वसूली अथवा समायोजन नही किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर 1 ब (xii)

नगर पालिका परिषद काशीपुर वर्ष 2000–01 से 2001–2002 :–

(क) राजस्व क्षति :– ठेको में कम दर से स्टाम्प पेपर का प्रयोग किये जाने से रू0 3,10,980=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–13

(ख) आर्थिक क्षति :– दुकान किरायादारों से दुकानों का किराया विलम्ब से जमा किये जाने पर देय विलम्ब शुल्क न लिए जाने से रू0 85,850=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–15

(ग) अधिक/अनियमित भुगतान :– (1) श्री पी0एस0 गुप्ता पूर्व अधिशासी अधिकारी को उपार्जित अवकाश नकदीकरण के रूप में रू0 51,808=00 का अधिक एवं अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6

(2) निर्माण कार्यो का मूल्यांकन अवर अभियन्ता की माप के आधार पर किया जाना चाहिए था किन्तु संस्था द्वारा निर्माण कार्य की माप अवर अभियन्ता के स्थान पर वर्क एजेन्ट से कराकर रू0 6,39,255=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5

(3) श्री नीरज कुमार ठेकेदार को रू0 34720=00 का अनियमित एवं परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–2

नगर पालिका परिषद जसपुर वर्ष 2001–2002 से 2002–2003 तक :–

(क) अनियमित भुगतान :– शासनादेश संख्या 4649/9–1–90–116 (सा) /98 दिनांक 6.11.1998 द्वारा दैनिक वेतन /संहत वेतन वर्क चार्ज एवं मानदेय आदि पर अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर प्रतिबन्ध था तथापि पालिका द्वारा संविदा आधार पर अनेक कर्मचारियों की नियुक्ति कर सम्परीक्षा माहों में रू0 1,13,145=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(1)

(ख) अधिक भुगतान :– अनियमित वेतन निर्धारण के फलस्वरूप श्री रवि, लेखाकार को रू0 7,640=00 वेतन एवं भत्तों के रूप में अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ख)(3)

(ग) राजस्व क्षति :– पालिका द्वारा निर्माण कार्यो आदि ठेकों के अनुबन्ध में निर्धारित दर से कम मूल्य के स्टाम्प पत्रों का प्रयोग किया गया था। इससे रू0 3,11,400=00 राजस्व की क्षति हुई थी।.

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ग)(1)

नगर पालिका परिषद बाजपुर वर्ष 2001–2002से 2002–2003 तक :–

(क) अनानुमोदित व्यय :– विभिन्न मदों में रू0 622059=00 धनराशि स्वीकृत बजट से अधिक व्यय किये जाने के कारण अनानुमोदित रही।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1

(ख) परिहार्य व्यय :– (1) जनगणना कार्य तथा स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी सम्बन्धी कार्य पालिका निधि से रू0 34,743=00 का परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–3

(2) नव निर्वाचित नगर पालिका परिषद के शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 15.2.2003 पर रू0 10491=00 का अनियमित व्यय हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5

(ग) राजस्व क्षति :– विभिन्न ठेकों के अनुबन्धों में निर्धारित दर से कम मूल्य के स्टाम्प प्रपत्र प्रयुक्त किये जाने से रू0 1,37,600=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–12

नगर पालिका परिषद रूद्रपुर वर्ष 2000–2001 से 2001–2002 तक :–

(क) अनियमित व्यय :– (1) शताब्दी स्तूप निर्माण कार्य में रू0 1,99,722=70 का अनियमित एवं परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–19

(2) कर्मचारियों के वेतन निर्धारण त्रुटिपूर्ण किये जाने से रू0 1,25,491=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4

(ख) आर्थिक क्षति :– अनियमित एवं शासकीय गजट के प्राविधानों के विपरीत गृहकर में छूट दिये जाने से रू0 72,194=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–17 एवं 18

नगर पालिका परिषद विकासनगर वर्ष 2002–2003 :–

(क) अनियमित भुगतान :– अधिशासी अधिकारी को वर्ष 1995 से 1998 के मध्य दर्शायी गयी यात्राओं का यात्रा भत्ता रू0 7,509=00 का भुगतान देयक के कालातीत होने के उपरान्त भी किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(1)

(2) अधिशासी अधिकारी को पूर्व के तैनाती स्थलों की कार्यावधि हेतु बिना कार्यकाल का सत्यापन एवं सम्बन्धित संस्था से मॉग किये बिना रू0 38,712=00 वेतन के रूप में भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(ii)

(3) श्री संजीव मल्होत्रा अधिशासी अधिकारी को मकान किराये के रूप में रू0 2,700=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(।)

नगर पालिका परिषद ऋषिकेश वर्ष 2002–2003 :–

(क) राजस्व क्षति :– पालिका द्वारा 71 सफाई कर्मचारी संविदा पर रखे गये थे। निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पत्र पर अनुबन्ध न कराये जाने से रू0 42,600=00 राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(।)

(ख) अनियमित भुगतान :– शासनादेश संख्या 2694/9–1–97–174सा/96 दिनांक 15.9.1997 के अनुसार मात्र 2 माह तक सफाई कर्मचारी संविदा पर रखे जाने चाहिए थे। इसके विपरीत 71 कर्मचारी वर्ष पर्यन्त कार्यरत दर्शाये गये थे।इससे रू0 15,00,000=00 संविदा वेतन के रूप में अनियमित एवं सन्दर्भित शासनादेश के विपरीत भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(।।)

(2) उपरोक्त सन्दर्भित शासनादेश में मात्र सफाई कर्मचारी ही संविदा पर रखे जाने थे। इसके विपरीत दो कर्मचारी बिल वितरण कार्य हेतु भी संविदा पर रख लिये गये थे। इससे उन्हें रू0 8,584=00 का उक्त शासनादेश के प्राविधानों के विपरीत भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(।।।)

नगर पालिका परिषद हरिद्वार वर्ष 2002–2003 :–

(क) आर्थिक क्षति :– (1) पालिका द्वारा दायर किये गये वादों पर न्यायालय (2) (सी0जे0एम0) द्वारा पालिका के पक्ष में निर्णय देते हुए विपक्षी पर रू0 17,400=00 जुर्माना लगाते हुए धनराशि कोषागार में जमा कराया गया था। शा0सं0 6352/वी0–11–676/176/74 दिनांक 3.3.1997 के अनुसार कोषागार में जमा उक्त धनराशि आहरित कर पालिका कोष में जमा किया जाना चाहिए था। ऐसा न किये जाने से रू0 17,400=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (1)

(2) अधिसूचना दिनांक 8.1.1997 के अनुसार तहबाजारी शुल्क रू0 5=00 प्रति वर्ग मीटर की दर से वसूली का प्राविधान था। पालिका द्वारा मात्र रू0 2=00 प्रति वर्गमीटर की दर से तहबाजारी की वसूली की जा रही थी। इससे पालिका को रू0 18,91,236=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(8)

(3) मुर्दा मवेशी ठेका हेतु पूर्व में श्री मुनब्बर अली की बोली रू0 1,71,000=00 उच्चतम थी। इसे स्वीकृत न कर पुनः बोली करायी गयी। दिनांक 3.8.2002 को पुनर्नीलामी में श्री सलीम अहमद को रू0 1,30,500=00 में ठेका स्वीकृत कर दिया गया। इससे पालिका को रू0 40,500=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (6)

(ख) अनियमित भुगतान :– (1) पालिका द्वारा बिना पद सृजन कराये एवं एतदर्थ शासन की स्वीकृति कराये बिना संविदा पर अनेक कर्मचारी नियोजित किये गये थे। उन्हे वेतन के रूप में रू0 7,90,700=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(2)

(2) शासनादेश के विपरीत दैनिक वेतन पर कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी थी। इस पर उप सम्परीक्षा माहों में वेतन के रूप में रू0 1,37,608=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(3)

<u>(ग) राजस्व क्षति :–</u> (1) ठेका फूलपरोसी स्थल सं0 3 के अनुबन्ध में निर्धारित दर से कम मूल्य के स्टाम्प पत्र प्रयुक्त किये गये थे। इससे रू0 29,000=00 की राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(5)

(2) श्री सलीम अहमद को मुर्दा मवेशी वर्ष, 2003 का ठेका रू0 1,30,500=00 में दिया गया था। अनुबन्ध हेतु कम मूल्य के स्टाम्प पत्र प्रयोग किये जाने के कारण इससे रू0 3,650=00 की राजस्व क्षांति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(6)

<u>नगर पालिका परिषद रूड़की (हरिद्वार) वर्ष 2002–2003 :–</u>

<u>(क) आर्थिक क्षति :–</u> (1) शासकीय गजट दिनांक 25.12.1999 में प्रकाशित अधिसूचना सं0 25–1–सा0प्रशा0/न0पा0प0/दिनांक 29.9.1999 द्वारा नगर पालिका परिषद रूड़की की पशुवध शुल्क की दर रू0 25=00 प्रति पशु निर्धारित थी। पालिका द्वारा उक्त दर से कम दर पर वध कर शुल्क की वसूली की गई थी। इस कारण रू0 1,33,332=00 की आय कम होने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (क)

(2) श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री मामचन्द्र शर्मा तहबाजारी ठेकेदार द्वारा दिनांक 01.4.2002 से 26.10.2002 तक की अवधि की तहबाजारी अवशेष की धनराशि रू0 37,350=00 तथा श्री राजकुमार एवं श्री आनन्द सिंह ठेकेदारों द्वारा दिनांक 25.12.2002 से 31.3.2003 तक की तहबाजारी अवशेष की धनराशि रू0 63,200=00 कुल रू0 1,00,550=00 जमा नही किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (ग)

(ख) अनियमित भुगतान :– अतिकाल भत्ते के रूप में जलकल विभाग के कर्मचारियों को रू0 30,476=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (ड.)

नगर पालिका परिषद मंगलौर (हरिद्वार) वर्ष 2002–2003 :–

(क) आर्थिक क्षति :– अध्यक्ष एवं सभासदों के निर्वाचन पर हुए व्यय रू0 16,568=00 की प्रतिपूर्ति जिला पंचस्थानी निर्वाचन कार्यालय से नही करायी गयी थी। इससे उक्त की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (2)

(ख) राजस्व क्षति :– श्री नसीम अहमद पुत्र श्री ईस्माइल मंगलौर के नाम दिनांक 12.3.2003 को सम्पन्न ठेका मुर्दा मवेशी के अनुबन्ध हेतु स्टाम्प पेपर प्रयुक्त नही किये जाने से रू0 3,875=00 राजस्व शुल्क की क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1 (4)

नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ वर्ष 2001–2002 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– (1) सीमान्त भत्ते के रूप में निकाय के कर्मचारियों को रू0 1,96,875=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1

(2) विद्युत बिलों की अदायगी में रू0 653=56 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4

(ख) आर्थिक क्षति :– (1) धारचूला रोड स्थित 08 दुकानों से फरवरी, 2000 से मार्च, 2002 तक वसूली नही की गयी थी। इससे रू0 2,08,000=00 आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5

(2) श्री सत्यप्रकाश सत्संगी द्वारा लाशघर रोड में पालिका द्वारा रू0 27,500=00 की लागत से निर्मित फड़ की धनराशि मात्र रू0 16,000=00 जमा किये थे। निर्माण की राशि में से रू0 11,500=00 जमा नही किये थे तथा 22 जून, 2000 से 31.3.2002 तक की तहबाजारी रू0 8705=00 जमा नही की थी। इस प्रकार रू0 20,205=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–3

नगर पालिका परिषद रामनगर वर्ष 2001–2002 :–

आर्थिक क्षति :– (1) पालिका के पूर्व कर्मचारी जो स्थानान्तरित अथवा अन्यथा पालिका सेवा से कार्यमुक्त हो चुके थे, से अस्थाई अग्रिम रू0 26,864=00 की वसूली नही की गयी थी। इससे पालिका को उक्त राशि की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1

(2) लाइसेन्सों का नवीनीकरण न कराये जाने से रू0 42,380=00 एवं कम दर से लाइसेन्स शुल्क की वसूली किये जाने से रू0 13,500=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)

(ख) राजस्व क्षति :– कम मूल्य के स्टाम्प पत्रों का प्रयोग किये जाने से रू0 2,11,380/- की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (ग)

नगर पालिका परिषद टिहरी गढ़वाल वर्ष 2002–2003 :–

अनियमित भुगतान :– शा0सं0 2425/9–1–86 दिनांक 3.9.1999 एवं शा0सं0 4649/9–1–98–116(सा)/98 दिनांक 6.11.1998 के विपरीत दैनिक वेतन पर कर्मचारी नियोजित कर उनके वेतनादि पर रू0 15,54,900=00 अनियमित व्यय किये गये थे।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(ड.)

नगर पालिका परिषद उत्तरकाशी वर्ष 2002–2003 :–

(क) अनियमित भुगतान :– (1) शा0सं0 1803/कार्मिक –2/2002 दिनांक 6.2.2003 एवं शा0सं0 4649/9–1–98–116(सा)/98 दिनांक 6.11.1998 के विपरीत दैनिक वेतन पर कर्मचारी तैनात करने से उनके वेतन पर रू0 3,71,225=00 का अनियमित व्यय हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5(i)

(2) एक वर्ष से कम सेवा होने पर कार्मिकों को बोनस देय नही था। तथापि पालिका द्वारा एक वर्ष से कम सेवा वाले 06 कर्मचारियों को रू0 2,467=00 प्रति कर्मचारी कुल रू0 14,802=00 बोनस का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5(ii)

(3) श्री धर्मेन्द्र भण्डारी ठेकेदार को वार्ड संख्या 3/8 पुल के निर्माण कार्य में त्रुटिपूर्ण गणना किये जाने से रू0 3,508=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(1)

(ख) आर्थिक क्षति :– शा0सं0 161–सी0सएम0–नौ–997–23( )/ज/97 दिनांक 16.12.1997 के प्राविधानों के विपरीत होटल लाइसेन्स शुल्क कम दर से वसूल किये जाने से रू0 18,850=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ग)

नगर पालिका परिषद श्रीनगर, गढ़वाल वर्ष 2002–2003 :–

अधिष्ठान सम्बन्धी अधिक भुगतान :– (1) कुमारी रंजना नेगी लिपिक को अप्रैल, 2002 से बिना पद के नियुक्त किये जाने से वेतन रू0 14,061=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(क)

(2) बिना पद के संविदा आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर सम्परीक्षा हेतु चयनित माहों में रू0 37,635=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(ङ.)

नगर पालिका परिषद जोशीमठ वर्ष 2002–2003 :–

(क) अनियमित भुगतान :– शासनादेश 4649/9–11(ख)98 दिनांक 06.11.1998 के प्राविधानों के विपरीत दैनिक /संविदा आदि के रूप में कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने से रू0 86,081=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ख)

(ख) आर्थिक क्षति :– लाइसेन्सों का नवीनीकरण नही कराने जाने से पालिका परिषद को रू0 6,700=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)

नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा वर्ष 2002–2003 :–

(क) आर्थिक क्षति :– (1) संगठित नगर विकास योजनान्तर्गत प्राप्त ऋण से निर्मित दुकानों के किराये मे सम्बन्धित किरायेदारों को बिना किसी प्राविधान के रू0 19,298=50 की किराये में छूट दिये जाने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(क)

(2) शासनादेश सं0 161 सी0एम0/नौ–9–97–23 ज/97 दिनांक 16 दिसम्बर, 1997 में निर्धारित दर से लाइसेन्स शुल्क की वसूली सम्बन्धित व्यवसायियों से नही कराये जाने से रू0 93,300=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(स)

(3) वर्ष 1991 से 1993 तक अध्यक्ष तथा सदस्यों को बिना किसी प्राविधान के रू0 34,300=00 के अग्रिम स्वीकृत थे जिनकी वसूली अथवा समायोजन नही होने से पालिका को उक्त की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(य)

(4) अधिशासी अधिकारी द्वारा पालिका वाहन व्यक्तिगत प्रयोजन हेतु प्रयुक्त किये जाने पर देय धनराशि पालिका निधि में जमा नही किये जाने से रू0 1508=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ल)

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित भुगतान :– शासनादेश दिनांक 06 दिसम्बर, 1991 द्वारा दैनिक वेतन पर नियुक्तियों को प्रतिबन्धित किया गया था। तथापि पालिका द्वारा दैनिक वेतन पर कर्मचारियों को नियोजित कर आलोच्य सम्परीक्षा माहों में रू0 125934=50 का भुगतान किया गया था जो शासनादेश के प्राविधानों के विपरीत था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(ब)

(2) अनियमित रूप से सलैक्शन ग्रेड की स्वीकृति किये जाने से श्री के0एन0 पाण्डेय ड्राफ्ट मैन को रू0 769=00, श्री चन्दन सिंह मेर चपरासी को रू0 2,816=00, श्री प्रकाश चन्द्र तिवारी स0लि0 को रू0 5,454=00, श्री हरीश विष्ट चपरासी को रू0 1,168=00 कुल रू0 9,225=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(व)

नगर पालिका परिषद बागेश्वर वर्ष 2002–2003 :–

(क) आर्थिक क्षति :– गतवर्ष के कतिपय लाइसेन्स धारक व्यवसायियों के लाइसेन्सों का नवीनीकरण नही कराये जाने से लाइसेन्स शुल्क के रूप में प्राप्य रू0 3,289=00 की आय कम होने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(ब)

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित भुगतान :– शासनादेश दिनांक 06 दिसम्बर, 1991 में निहित प्राविधानों के विपरीत दैनिक वेतन पर कर्मचारियों को नियोजित किया गया था। सम्परीक्षा माहों में इनके वेतन आदि पर रू0 40,844=00 का भुगतान उक्त शासनादेश के प्रतिकूल था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(अ)

नगर पालिका परिषद दुगड्डा वर्ष 2002–2003 :–

(क) अनियमित भुगतान :– (1) पालिका में अधिशासी अधिकारी के लिए आवास निर्मित था। श्री के0 आर0 टम्टा एवं श्री दिलीप कुमार कपूर अधिशासी अधिकारियों को क्रमशः रू0 813=00 एव रू0 6,808=00 कुल रू0 7,221=00 मकान किराया भत्ता के रूप में अनियमित रूप से भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(क)

(2) अधिशासी अधिकारी के आवास के विद्युत बिलों का भुगतान पालिका निधि से किया गया था। इससे रू0 10,943=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(ग)

(3) अधिशासी अधिकारी के निवास के टेलीफोन बिल का भुगतान सम्बन्धित काल विभागीय होने की पुष्टि कराये बिना पालिका निधि से कराये जाने से रू0 630=00 का भुगतान नियमानुकूल नही था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(ख)

(ख) आर्थिक क्षति :– भवन किराये की वसूली न किये जाने से रू0 13,424=50 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6

(ग) राजस्व क्षति :– ठेकेदारों के बिलों से आयकर हेतु रू0 5,477=06 एवं बिक्रीकर हेतु रू0 56,950=07 की कटौती की गयी थी। इसे निर्धारित शीर्षक में जमा नही किया गया था। इससे राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–9

नगर पालिका परिषद नैनीताल वर्ष 2002–2003 :–

(क) आर्थिक क्षति :–(1) डी0एस0ए0 नैनीताल से पार्किंग स्थल की राशि रू0 5,18,292/- की वसूली न किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1(क)

(2) पालिका आवासों में आवासित कर्मचारियों से मकान किराया की कटौती नही की गयी थी। इससे पालिका को रू0 56,676=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6(क)

(3) बिना किसी प्राविधान एवं शासन की स्वीकृति के वेतन वितरण हेतु बैंक से ऋण लिया गया था तथा ब्याज के रूप में रू0 1,51,751=00 बैंक को देने पड़े थे। पालिका को उक्त की क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(ख)

(4) लाजिंग हाउस के लाइसेन्स आलोच्य अवधि में नही बनाये गये जाने से रू0 3,675=00 की लाइसेन्स शुल्क की आय कम होने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1 (1)(2)(3)(4)(5)

(5) पालिका द्वारा रू0 5,78,999=00 कर माफ किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ट)

(6) कर्मचारियों की आर0डी0 की धनराशि विलम्ब से जमा किये जाने से पालिका निधि से विलम्ब शुल्क वहन किये जाने से रू0 509=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(घ)

(ग) अनियमित भुगतान :– (1) शासन की स्वीकृति के बिना कर्मचारी नियुक्त किये जाने से रू0 25,000=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5

(2) विवादित घोड़ा स्टैण्ड स्थल पर स्थल विकास पर व्यय रू0 77,866=00 तथा लीज प्रीमियम रू0 2,64,312=00 कुल रू0 3,42,178=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(क)

(3) झील विकास प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराये बिना विधायक निधि से रू0 90,201=00 का निर्माण कार्य कराकर अनियमित व्यय किया गया था जिसमें रू0 20,981=00 मस्टररोल बिना माप के सम्मिलित थे।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–9(ख)(1)(2)

नगर पंचायतें

नगर पंचायत महुआ डाबरा वर्ष 2001–2002 से 2002–2003 :–

व्यपहरण :– (1) नगर पंचायत द्वारा वेतन वितरण हेतु आहरित धनराशि में से रू0 8,098=00 के वितरण की पुष्टि हेतु प्राप्ति रसीद नही ली गयी थी। अतः उक्त धनराशि रू0 8096=00 का व्यपहरण हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(2)

(2) रसीद पुस्तिका सं0 16 पर्ण सं0 58 से 71 तक दिनांक 9.7.2001 से 3.8.2001 तक प्रयुक्त की गई थी। इनसे रू0 4,010=00 की वसूली की गयी थी। इन्हें पंचायत निधि में जमा नही किये जाने से रू0 4,010=00 का व्यपहरण हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(1)

नगर पंचायत दिनेशपुर वर्ष 2001–2002 से 2002–2003 :–

राजस्व क्षति :– निर्माण कार्यो के ठेके में स्टाम्प पत्र कम प्रयुक्त किये जाने से रू0 4,825=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ख)(1)

नगर पंचायत केलाखेड़ा वर्ष 2001–2002 से 2002–2003 :–

(क) अनियमित/अधिक भुगतान :– (1) पंचायत के कर्मचारियों को यात्रा भत्ता के रूप में रू0 3,350=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–3

(2) शा0सं0 4649/9–1–90–116(सा)/98 दिनांक 6.11.1998 के निर्देशों के विपरीत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पारिश्रमिक के रूप में रू0 88,172=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–8

(3) विधायक निधि से प्राप्त धनराशि से सम्पादित निर्माण कार्यो में रू0 9,667/- का अधिक एवं अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–16

(4) राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से सम्पादित निर्माण कार्यो में ठेकेदार को रू0 5,415=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–18

(ख) राजस्व क्षति :– निर्माण कार्यो के अनुबन्ध में निर्धारित धनराशि से कम मूल्य के स्टाम्प प्रपत्र प्रयुक्त किये जाने से रू0 34,476=00 राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–10

(ग) आर्थिक क्षति :– (1) कतिपय प्रकरणों में निर्धारित दर से कम दर पर गृहकर निर्धारित किये जाने से रू0 62,850=00 की आय कम होने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1

(2) पानी टैंकर की बुकिंग हेतु निर्धारित दर से शुल्क न लिये जाने से रू0 6,450=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–12

नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी वर्ष 2001–2002 से 2002–2003 :–

(क) अधिक भुगतान :– श्री रामपाल सिंह को वाहन किराये के रूप में रू0 6,100=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4

राजस्व क्षति :– ठेकेदारों के साथ अनुबन्ध हेतु निर्धारित दरसे कम मूल्य के स्टाम्प प्रपत्र प्रयुक्त किये जाने से रू0 1,02,167=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

नगर पंचायत महुआ खेड़ा गंज वर्ष 2001–2002 से 2002–2003 :–

राजस्व क्षति :– निर्माण कार्यो के अनुबन्धों में निर्धारित दर से कम मूल्य के स्टाम्प प्रपत्र का प्रयोग किये जाने से रू0 35,230=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4

नगर पंचायत हर्बटपुर वर्ष 2002–2003 :–

राजस्व क्षति :– श्री इमरान ठेकेदार को साप्ताहिक पैठ को ठेका रू0 3,06,000=00 में स्वीकृत किया गया था। इसका अनुबन्ध रू0 1,912=50 मूल्य के स्टाम्प पत्र में कराया

जाना चाहिये था। अनुबन्ध हेतु कोई स्टाम्प पत्र प्रयुक्त नही थे। इस प्रकार रू0 1,912=50 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(4)

नगर पंचायत कीर्तिनगर वर्ष 2002–2003 :–

अनियमित भुगतान :– शा0सं0 4649/9–1–98–116(सा)/98 दिनांक 6.11.1998 के विपरीत कर्मचारियों की दैनिक वेतन पर नियुक्ति कर रू0 14,400=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(2)

नगर पंचायत मुनि की रेती वर्ष 2002–2003 :–

अनियमित भुगतान :– शा0सं0 4649/9–1–98–116(सा)/98 दिनांक 6.11.1998 के प्राविधान के विपरीत दैनिक वेतन पर कर्मचारी नियोजित कर रू0 23,800=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(2)

नगर पंचायत देवप्रयाग वर्ष 2002–2003 :–

अनियमित भुगतान :– शा0सं0 4649/9–1–98–116(सा)/98 दिनांक 6.11. 1998 के विपरीत संविदा पर 06 कर्मचारी नियोजित किये जाने से पारिश्रमिक के रूप में रू0 1,08,000=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–5(5)

नगर पंचायत चम्बा वर्ष 2002–2003 :– शा0सं0 4649/9–1–98– 116(सा) /98 दिनांक 6.11.1998 के प्राविधानों के विपरीत दैनिक वेतन पर 12 कर्मचारी नियोजित किये जाने से रू0 2,64,357=00 का अनियमित व्यय हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(2)

नगर पंचायत बडकोट वर्ष 2002–2003 :–

अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित भुगतान :– (1) 02 कर्मचारियों की नियुक्ति बिना पद सृजन के पूर्व में की गई थी। आलोच्य अवधि में इनके वेतनादि पर रू0 1,29,004=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(2)

(2) शासनादेशों के विपरीत 09 कर्मचारी दैनिक/संविदा आधार पर नियुक्त करने से आलोच्य अवधि में रू0 1,88,280=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)(3)

नगर पंचायत गंगोत्री वर्ष 2002–2003 :–

अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित भुगतान :– शा0सं0 4649/9–1–98–116(सा)/98 दिनांक 6.11.1998 के विपरीत 07 कर्मचारी सीजन काल में दैनिक वेतन पर नियोजित किये जाने से इनके वेतनादि पर रू0 63,000=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)

नगर पंचायत द्वाराहाट वर्ष 2002–2003 :–

(क) अनियमित भुगतान :– (1) नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का प्रभार श्री बी0डी0 जोशी अधिशासी अधिकारी अल्मोड़ा में निहित था। उक्त अवधि में श्री जोशी द्वारा अपने यात्रा भत्ता की तरह से ही अपने साथ आये नगर पालिका अल्मोड़ा के

एक चपरासी को रू0 188=20 तथा श्री करम सिंह वाहन चालक को रू0 966=00 यात्रा भत्ते के रूप में भुगतान किये गये थे। उक्त कर्मचारी मूलतः नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा में कार्यरत थे। अतः संस्था का कार्य किये बिना इन कर्मचारियों को भुगतानित उक्त यात्रा भत्ता रू0 1,154=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(क)

(2) श्रीमती कंचन शाह अध्यक्ष को दिनांक 11 एवं 12 फरवरी, 2004 को बागेश्वर एवं अल्मोड़ा की निजी यात्रा हेतु पालिका निधि से रू0 2,169=00 पैट्रोल क्रय के लिए भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(स)

<u>(ख) आर्थिक क्षति :–</u> श्री पंकज मठपाल ठेकेदार तहबाजारी वर्ष 2001–2002 से ठेके की राशि रू0 1,10,600=00 में से मात्र रू0 70,000=00 की वसूली की गयी थी। रू0 40,600=00 की वसूली नही किये जाने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–9

<u>नगर पंचायत रूद्रप्रयाग वर्ष 2001–2002 :–</u>

<u>अधिक भुगतान :–</u> (1) कर्मचारियों को एक अतिरिक्त वेतनबृद्धि स्वीकृत किये जाने से रू0 6,017=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–8

(2) पालिका कर्मियों को सीमान्त भत्ते के रूप में रू0 2,910=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–11

नगर पंचायत ऊखीमठ वर्ष 2000–2001 से 2001–2002 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– (1) श्री डी0सी0 पन्त अधिशासी अधिकारी को नगदीकरण में सीमान्त भत्ता के रूप में रू0 250=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4

(2) शासनादेश 4649/9–1–98–116 सा/98 दिनांक 6.11.1998 के प्राविधानों के विपरीत दैनिक वेतन पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने से माह नवम्बर, 2001 में रू0 5,348=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–(ख)

(ख) आर्थिक क्षति :– श्री रणजीत सिंह से घोड़ा खच्चर लाइसेन्स शुल्क रू0 10,000=00 की वसूली नही किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ख)

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

जनता उच्चतर मा0वि0 ककोड़ा खाल वर्ष 1999–2000 से 2001–2002:

(क) अनियमित व्यय :– बिना उद्देश्य के रू0 1,000=00 संस्था निधि से आहरित कर व्यय किया जाना अनियमित था।

भाग–2(ब) प्रस्तर–1(क)

(ख) आर्थिक क्षति :– प्रगति पत्र शुल्क की राशि रू0 114=00 सम्बन्धित निधि में जमा नही किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–2(ब) प्रस्तर–1(ख)

संस्कृत पाठशालायें

श्री बद्रीश संस्कृत पाठशाला डिम्बर चमोली वर्ष 2000–2001 से 2001–2002 :–

अधिक भुगतान :– श्री राम सिंह मेट को मस्टरौल के अनुसार पारिश्रमिक के रूप में रू0 1,467=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–2(ब) प्रस्तर–1(क)

पालीटेक्निक विद्यालय

के0 एल0 पालीटैक्निक, रूड़की वर्ष 2002–2003 :–

अनियमित भुगतान :– वेतन एवं अन्य व्ययों हेतु प्राप्त अनुदान रू0 3,94,000=00 में से रू0 22,444=00 का यात्रा भत्ता हेतु अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–2(अ) प्रस्तर–1

महाविद्यालय

